फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

उर्मिला प्रजापत पुत्री श्री जसरूपचंद प्रजापत
जाति प्रजापत
निवासी रामसीन तह. जसवंतपुरा
जिला जालोर।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा— **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 72 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
09.11.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 05.08.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि अपीलांट द्वारा कार्यालय जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 28.06.2021 को जरिए रजिस्टर्ड डाक से एक प्रार्थना पत्र प्रेषित किया। उक्त प्रार्थना पत्र पर जिला कलक्टर सिरोही द्वारा की गई कार्यवाही से संबंधित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 05.08.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि अपीलांट द्वारा कार्यालय जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 28.06.2021 को जरिए रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र प्रेषित किया। उक्त प्रार्थना पत्र पर जिला कलक्टर सिरोही द्वारा की गई कार्यवाही से संबंधित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। इस संबंध में पत्रावली का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा उपरोक्त सूचना के संबंध में जरिए पत्र क्रमांक 557 दिनांक 29.09.2021 द्वारा अपीलांट को सूचित कर दिया गया है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (भगवती प्रसाद) **जिला कलक्टर, सिरोही** Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2022.01.17 16:37:39 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner